# बाल अधिकार पर जारी किया घोषणापत्र



कोलकाता: आगामी पंचायत चुनाव को लेकर वेस्ट बंगाल एजुकेशन नेटवॉक और क्राइ चाइल्ड राइटस की ओर से बाल अधिकार पर एक घोषणापत्र जारी की गयी है। इसमें राजनीतिक पार्टियों से कहा गया है कि बच्चों के अधिकारी पर वे लोग विशेष ध्यान दे। वेस्ट बंगाल एजुकेशन नेटवॉक की संयोजक सपना पांडा ने कहा कि घोषणापत्र में 6 राज्यों के बच्चों से बात कर उनकी मांगों को लिखा गया है। इसके माध्यम से सभी राजनीतिक दलों को बच्चों के अधिकारों पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा जाएगा।